>

Title: Need for completion of Bihata-Aurangabad railway line project.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): माननीय सभापति जी, बिहार के बिहटा, औरंगाबाद रेलवे लाइन के निर्माण के लिए 40 साल से बिहार की जनता आरा, जहानाबाद, औरंगाबाद की लाखों जनता धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करती आ रही है । यहां तक की दिल्ली में जंतर-मंतर पर भी लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया है । इस महत्वपूर्ण मांग को देखते हुए, वर्ष 2007 में तत्कालीन रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव ने उसका शिलान्यास किया था । इसके लिए सर्वेक्षण का काम भी पूरा हो चुका है । बहुत सारे माननीय सदस्यों ने जैसे श्री राम कृपाल यादव, श्री चंद्रदेव प्रसाद वर्मा, श्री सुशील सिंह जी ने भी इस मुद्दे को पार्लियामेंट में उठाया था । इसके सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है । आज इसके शिलान्यास होने के बाद 14 साल बीत गए हैं, लेकिन वह काम आज तक जमीन पर नजर नहीं आ रहा है ।

माननीय सभापति: आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री महाबली सिंह : माननीय सभापति जी, वर्ष 2019-20 के बजट में केन्द्र सरकार ने भूमि के अधिग्रहण के लिए 25 करोड़ रुपये आबंटित किए थे, लेकिन आज भी भूमि-अधिग्रहण का काम पूरा नहीं हुआ है । इसलिए हम आपसे आग्रह करना चाहते हैं कि उस रेलवे लाइन के बनने के लिए वहां की जनता आस लगाए हुई बैठी है कि किसी तरह यह परियोजना पूरी हो जाए । इस परियोजना के लिए आंदोलन करने वाले बहुत से लोग चले गए और कुछ आज भी आस लगाए बैठे हुए हैं । महोदय, यह 118 किलोमीटर है ।…(व्यवधान) इससे जनता को बहुत बड़ा लाभ होगा । …(व्यवधान)

माननीय सभापति : महाबली जी, आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: विजय जी, आप अपनी बात रखिए, इनकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप अपनी बात टेबल पर रख दीजिए ।

…(व्यवधान)

श्री महाबली सिंह : आप लोग कहते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है और आज तक इस पर कुछ नहीं हो रहा है ।

माननीय सभापति: अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री महाबली सिंह : इसलिए इस योजना का निर्माण जल्द-से-जल्द कराया जाए ।